## खबर संक्षेप

### दो दिसंबर को पूर्व सीएम कमलनाथ व नकुलनाथ आएंगे छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। नकुलनाथ छिन्दवाड़ा एवं चौरई में आयोजित किसान आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का 2 दिसम्बर दिन मंगवार को प्रातः 10 बजे विशेष वायुयान से छिन्दवाड़ा ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत दोपहर 12 बजे कुसमेली कृषि उपज मंडी में आयोजित किसान बचाओ आंदोलन में सम्मिलित होंगे। सांय 04 बजे राजीव भवन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला युवक कांग्रेस की बैठक में सम्मिलित होंगे। 3 दिसम्बर दिन बुधवार को कमलनाथ का विशेष वायुयान से प्रातः 11.30 बजे ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। नकुलनाथ प्रातः 10 अपने निवास पर कार्यकर्ताओं एवं आगंतुकों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 12.30 बजे चौरई पहुंचकर किसान बचाओ आंदोलन में सम्मिलित होंगे। सांय 4.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में कमलनाथ एवं नकुलनाथ सम्मिलित होंगे।

### बजाज जोड़ पर हुआ हादसा, सौंसर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच में लिया मामला

# कंटेनर और बस में जबरदस्त भिड़ंत बाल-बाल बचा चालक, बाइक चकनाचूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

शनिवार को नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग बजाज जोड़ पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया है। बजाज जोड़ पर अनियंत्रित कंटेनर ने होंडा सिटी गाड़ी को जमकर ठोकर मार दी, जिसमें होंडा सिटी गाड़ी बुरी तरह डैमेज हो गई है, अचानक हुए हादसे के बाद में बजाज जोड़ पर अफारा तफरी मच गई थी.मिली जानकारी के अनुसार बजाज जोड़ पर हनुमान पथ के पास महाराष्ट्र परिवहन निगम की बस क्रमांक एम 20 बी 4171 खड़ी थी, वही पीछे से आ रही होंडा सिटी गाड़ी भी आकर रुक गई थी। अचानक छिंदवाड़ा की ओर से तेज गति के साथ आ रहे कंटेनर क्रमांक जी.जे 12 ए यू 6083 ने होंडा सिटी गाड़ी को जमकर ठोकर मार दी, इसके बाद में होंडा सिटी गाड़ी सामने खड़ी महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम से टकरा गई थी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि होंडा सिटी गाड़ी आगे पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है,हालांकि होंडा सिटी गाड़ी में चालक बिछुआ निवासी आकाश महदोले को किसी प्रकार कोई चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद में सौसर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच करते हुए कंटेनर को अपने अधीन कर ड्राइवर पर धारा 281 के तहत मामला पंजीबद किया गया है। हालांकि जबरदस्त टक्कर होने के बाद में चालक को कोई चोट नहीं आना इसको लेकर भगवान बजरंगबली का चमत्कार बताया जा रहा है।





### 2 दिन तक बजाज जोड़ पर लगा रहा जाम

हनुमान लोक बनने के बाद में देखने में आया है कि नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर बड़ी संख्या में महाराष्ट्र की ओर से श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ गया है। वर्तमान में यातायात की व्यवस्था बनाने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस की कोई व्यवस्था नहीं है।जिसके चलते बजाज जोड़ पर सवारी भरने के लिए टैक्सी चालकों के द्वारा बीच सड़क पर गाड़ियों को खड़ी कर सवारियों को भरने का काम किया जाता है। जिसके चलते बजाज जोड़ पर अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। साथ ही सवारियों को लेकर अक्सर विवाद की स्थितिया उत्पन्न होती है। जिसके चलते कई बार बजाज जोड़ यहां पर नागपुर छिंदवाड़ा की ओर से आने वाले वाहन चालकों को चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली की ओर मुड़ने में दिक्कत होती है। घटना के बाद में अब यात्रियों के द्वारा शनिवार एवं मंगलवार को यातायात एवं यात्रियों के बढ़ते दबाव को देखते हुए बजाज जोड़ पर ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों की व्यवस्था करने की मांग की जा रही है।

### हनुमान पथ हो गया है बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

बीते साल नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर लगने वाले बजाज जोड़ से चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसांवली की ओर जाने के लिए बजाज जोड़ चौराहे पर हनुमान पथ का सुदर निर्माण किया गया था। ट्रक कंटेनर की गाड़ियों ओर हनुमान पथ को जोरदार टक्कर लगने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यहां पर लगाई हुई टाइल्स उखड़ गई है। यहां पर हनुमान लोग के नाम से लगाए गए बोर्ड भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। हनुमान पथ को फिर से नवनिर्माण की आवश्यकता बताई जा रही है।

# भ्रष्टाचार हुआ सिद्ध, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पर गिरी गाज

### 25 हजार की ऑनलाइन अवैध वसूली के आरोप सिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जुन्नारदेव के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्र कुमरे को शिकायत और मीडिया रिपोर्टों के आधार पर हुई जांच में अवैध धन वसूली के आरोप सिद्ध होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा की जांच रिपोर्ट के बाद की गई।अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत पत्र क्रमांक 477/स्टेनो/अति.कलेक्टर/2025 दिनांक 26 नवंबर 2025 के अनुसार शिकायतकर्ता अश्विन गोदवानी, निवासी वार्ड 19 पातालेश्वर, छिंदवाड़ा द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई है।-

#### क्या हैं आरोप

जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि— अधिकारी रविन्द्र कुमरे ने उचित मूल्य दुकान की जांच, अनुकूल रिपोर्ट और मशीन उपलब्ध कराने जैसे शासकीय कार्यों में सुविधा देने के बदले बार-बार अवैध धनराशि की मांग की।शिकायतकर्ता और उनके परिचितों से कुल 25,000 तक की राशि किस्तों में ली गई।कुमरे द्वारा लाइसेंस निरस्त करने, रिपोर्ट प्रतिकूल भेजने और कार्य लंबित रखने की धमकी देकर धन मांगने का दबाव बनाने की पुष्टि हुई। आचरण नियमों का उल्लंघन जांच प्रतिवेदन में कहा गया है कि रविन्द्र कुमरे का आचरण शासकीय सेवक के मानकों के विपरीत है और गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है।वे मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के उपनियम (1), (एक) और (तीन) का उल्लंघन करते पाए गए।

#### निलंबन आदेश

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 31 मार्च 1997 के तहतःरविन्द्र कुमरे को मप्र सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से कलेक्टर द्वारा निलंबित किया गया।

#### निलंबन अवधि में मुख्यालय

SDM कार्यालय अमरवाड़ा निर्धारित किया गया।उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता (Subsistence Allowance) नियमानुसार दिया जाएगा। प्रभार सौंपा गया निलंबन के बाद, जुन्नारदेव के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का प्रभार श्री सुमित चौधरी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी परासिया को अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है।

### स्वास्थ्य शिविर में 405 लोगों ने कराया स्वास्थ्य लाभ

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि अंतिम छोर में रहने वाले हर उस जरूरतमंद आदिवासियों और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिया जाये जो उनके लिए बनाई गई है। अब लोगों के खातों में सीधे राशि भेजकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के बनने के बाद ही संभव हो सका है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में पहुचने वाले हर मरीज का बेहतर से बेहतर उपचार मिलेगा। गंभीर मरीजों को छिन्दवाड़ा सहित महानगरों में भेजकर उनका उचित उपचार किया जायेगा। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने चावलपानी मंडल के ग्राम बम्हनी में आयोजित 74 वे निःशुल्क शिविर के दौरान कही। स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम बम्हनी के स्कूल में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत होने वाली रोचक खेल प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ करते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन भी किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के माध्यम से आयुष्मान योजना के तहत करोड़ो देशवासियों का निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई में सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत 'सक्षम संवाद भविष्य की ओर' का किया आयोजन



**हर्रई।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, हर्रई (जिला छिंदवाड़ा) में 'सक्षम कार्यक्रम' पहल के तहत 'सक्षम संवाद भविष्य की ओर' कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया। इस संवाद सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन कौशल और कानूनी जागरूकता प्रदान करना ।मुख्य अतिथि एवं वक्ताकार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमरवाड़ा की डी०एस०पी० श्रीमती कल्याणी बलदेव रहीं, जबकि सक्षम ट्रेनर श्रीमती धारा भुरानी , भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य धर्मराज , के कुशल दिशा-निर्देशन एवं सानिध्य में संपन्न हुआ।संवाद सत्र के मुख्य बिंदुडी०एस०पी० कल्याणी बलदेव ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया, जो उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बना। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने इस जीवन संबंधी दिशा-निर्देशन और परामर्श सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित विषयों पर डी०एस०पी० मैडम से विचार साझा किए।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण**- 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण**- 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### बडगोनाजोशी में 19 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# गांव में अवैध शराब बिक्री पर सांसद ने जताई नाराजगी

### चहुंमुखी विकास में कोई कसर नहीं रखी जाएगीः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। समग्र विकास को लेकर सरकार द्वारा हर सम्भव प्रयास किए जा रहे है। शहरों के साथ-साथ गांव, टोले, मजरों को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। यह बात लोकप्रिय सांसद बंटी विवेक साहू ने कही है। वे मोहखेड़ के ग्राम बडगोनाजोशी में 19 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करने पहुंचे थे।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि विकास पुरूष यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकासशील देशों की सूची से ऊपर उठकर विकसित देशों की सूची में अपना स्थान बनाने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कुशल आर्थिक नीतियों का नतीजा है कि पिछली तीमाही में देश की आर्थिक विकास की दर पूरे विश्व में सबसे ज्यादा है। कार्यक्रम को जनपद सदस्य विपिन कराड़े और वरिष्ठ भाजपा नेता विलास घोंघे ने भी संबोधित किया। संचालन युवा भाजपा नेता वेद सिसोदिया ने किया।




कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सांसद बंटी विवेक साहू से गांव में अवैध शराब बिकने की शिकायत की। महिलाओं ने कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद अवैध शराब बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू ने मौके पर ही पुलिस अधिकारियों को तलब किया और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी को भी तत्काल फोन कर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने कहा।

इस अवसर पर यह रहे प्रमुख इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य ललिता विलास घोंघे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सदन साहू, मंडल अध्यक्ष धनश्याम कडवे, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, सरपंच सुखवती परतेती, राजु सरनकर, रूपेश कराडे, उपसरपंच पंकज वादे, सावले, मोनु मालवी, रमेश सोलंकी, विक्की लाडे, देवराव ठाकरे, शिवचरण यादव, मंगलु पटेल, सुन्दरलाल पटेल, कपूर साहू, आशाराम धुर्वे, पंकज घोरसे, श्रीमती सुखवती दीलिप परतेती, श्यामराव ठाकरे, फागूलाल चन्द्रवंशी, लेखराम मर्सकोले, किशनलाल चन्द्रवंशी, शान्ताराम मालवी, मोनू मालवी, केशवराव कराडे, गज्जू सिंगारे, भीम चन्द्रवंशी, संतोष चन्द्रवंशी, रामकृष्ण चन्द्रवंशी, सहाबलाल चन्द्रवंशी, राकेश मालवी, श्रीकान्त परतेती, सतीश मालवी, राकेश मर्सकोले, दीलिप परतेती, कैलाश ठाकरे, प्रमोद ठाकरे, नीरज उईके सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के नाम पर ठेकेदार की मनमानी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी बने धृतराष्ट्र

# वाडेगांव में ठेकेदार का "जेसीबी राज" सरकारी फंड से सड़कें चंद घंटों में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



विकासखंड के ग्राम वाडेगांव में जल जीवन मिशन कार्यों के दौरान ठेकेदार द्वारा की जा रही बेतरतीब और मनमानी तोड़फोड़ से पूरे गांव में आक्रोश फैल गया है। पिछले एक सप्ताह से ठेकेदार जेसीबी मशीनों से गांव की कई आंतरिक सीमेंट सड़कों को लगातार तोड़ रहा है। लेकिन इस गैरजिम्मेदाराना कार्रवाई पर ग्राम पंचायत या विभागीय अधिकारी जरा भी ध्यान नहीं दे रहे है।

पूर्व सरपंच अजय उईके, नारायण वाडबुधे, हेमंत राजगुरू, पांडुरंग सिरसाम तथा हरिचंद कुमरे और अन्य ग्रामीणों द्वारा इस मामले पर आवाज उठाने के बावजूद जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बिलकुल ध्यान नहीं दे रहे है।

### सरकारी धन से बनी सड़कें हुई चूर-चूर

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया है कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों के दौरान ठेकेदार द्वारा विधायक निधि, सांसद निधि, बीआरजीएफ योजना तथा ज़िला पंचायत फंड जैसे सरकारी मदों बनाई गई सडकें ध्वस्त हो रही है। इन ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कों को बिना किसी तकनीकी निगरानी, बिना उचित अनुमति और बिना मंजूरी के तोडा जा रहा है जो सार्वजनिक धन की सीधी बर्बादी और ठेकेदार की मनमानी का खुला प्रमाण माना जा रहा है।

### ग्राम पंचायत बनी धृतराष्ट्र

सबसे चिंताजनक बात यह है कि गांव में चल रही इस भारी क्षति पर कोई भी ग्रामपंचायत के जिम्मेदार पदाधिकारियां ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली है। ग्रामीणों का आरोप है पिछले 7 दिनों से सरपंच गांव में मौजूद नहीं है और सचिव इस विषय पर जानकारी देने से बच रहे है।

### एसडीओ पल्ला झाड़ते दिखे

ग्रामीणों ने जब मामले की शिकायत पीएचई विभाग के एसडीओ से की तो वे भी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आए। अफसरों एवं जनप्रतिनिधियों के बेपरवाह रवैए से ग्रामीणों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। गांव में सड़कों के लगातार तोड़े जाने के कारण धूल-कीचड़ से ग्रामीणजन अलग परेशान है। सड़क टूटने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गए, घरों में धूल भर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया में सड़क को कम से कम नुकसान पहुँचाने की तकनीक अपनाई जा सकती थी, परंतु ठेकेदार अधिक समय बचाने और अपनी मनमर्जी के कारण पूरी सड़क उधेड़ने का आसान रास्ता अपना रहा है।

## ज्ञान ज्योति विद्या मंदिर स्कूल में विज्ञान मेला एवं हस्तकला/पाक कला का आयोजन



पांढुर्णा। आज जवाहर वार्ड की ज्ञान ज्योति स्कूल में विज्ञान मेला संपन्न हुआ। मेले में शाला के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अतिथियों का और पालकों का स्वागत के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रदूषण नियंत्रण, जल शुद्धिकरण, मृदा संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, आपदा प्रबंधन, कृषि तकनीक, जानवरों से फसलों का बचाव, यातायात, ट्राफिक सिग्नल, वाटर हार्वेस्टिंग, प्रदूषण से नदियों का बचाव, पर्यावरण संरक्षण, सोलर ऊर्जा संरक्षण, विद्युत उत्पादन, ट्रेन आपदा संकेत सूचना, कचरा प्रबंधन आदि विषयों पर छात्र छात्राओं ने मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही हस्तकला एवं पाक कला का प्रदर्शन भी किया। इस समारोह की मुख्य अतिथि पार्षद दुर्गेश उईके विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बताया विज्ञान हमें नई नई खोजों और तकनीकों से परिचित कराता है। विज्ञान के बिना आधुनिक दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विज्ञान ने चिकित्सा, संचार, परिवहन और कृषि जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इस कार्यक्रम में एडवोकेट कैलाश सांबारे, पार्षद दुर्गेश उईके, राम पवार, जावेद खान, प्राचार्य ज्योति चौकसे, आकांक्षा चौकसे, टीचर स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में हुआ 205 मरीजों का निशुल्क इलाज



परासिया :- ग्राम पंचायत भमोड़ी में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 205 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां वितरित की गई। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया, कि मरीजों की जांच पेंच क्षेत्र के बड़कुही अस्पताल एवं विवांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा की गई। सभी मरीजों को नाश्ता के पैकेट प्रदान किए गए। शिविर में डॉ कुनाल यादव, डॉ दीपक चौरिया, डॉ चंदेरिया, लेब टेक्नीशियन दिव्या बावरिया, नर्स वैशाली बोनिया, फार्मासिस्ट निखिलेश राहा, शीला, महेंद्र लाउतरे, लोकेश पगारे तथा पंच पुनीत पुरी, राजेश सेंगर, इकबाल अहमद, सागर सूर्यवंशी, ममता नितिन राय, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# महाराष्ट्र से आए मतदाताओं का नहीं मिल रहा डेटा, SIR प्रक्रिया संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित SIR गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में लगातार आ रही तकनीकी व प्रशासनिक असुविधाओं को लेकर कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी विवेक मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजीकरण अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया, कि SIR प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद से अब तक निकटवर्ती महाराष्ट्र प्रदेश का डेटा ऑनलाइन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण महाराष्ट्र से आकर मध्यप्रदेश में बस चुके मतदाताओं को वर्ष 2003 से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाताओं के अभिलेख पूर्ण न होने से SIR प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही बताया गया, कि निर्वाचन आयोग द्वारा गणना पत्र जमा करने की अंतिम तिथि अत्यंत निकट होने के बावजूद डेटा उपलब्ध न होने से SIR प्रक्रिया का शत – प्रतिशत पालन कर पाना असंभव है। जिसके समाधान के लिए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है, कि महाराष्ट्र प्रदेश के मतदाताओं से संबंधित डेटा उपलब्ध कराया जाए तथा इस प्रक्रिया हेतु अतिरिक्त समय प्रदान किया जाए, ताकि पुनरीक्षण कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इस ज्ञापन में ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय, ब्लॉक समन्वयक बसंत मालवी, अलाउद्दीन खान, वीर बहादुर सिंह, सैफ खान, वरिष्ठ नागरिक मंजीत खान, अकलाख खान, पूना राम डेहरिया, अंजलि श्रीवास्तव, पूजा मरकाम, दुलारी मालवी, संतोष मिश्रा, राजा तिवारी, मो शकील, बृजेश भलावी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## बेटी को भी बेटा की तरह अपनाना होगा समाज में

छिंदवाड़ा। समाज मे आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढ़ावा दिया हे। गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे। बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम पी एम श्री कन्या शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चांद विकास खंड चोरई. मे प्राचार्य उत्तम कुमार बंजारे ,की उपस्थिति मे किया गया।

# महिला सशक्तिकरण पर इनरव्हील ने निकाली भव्य रैली



छिंदवाड़ा। इनरव्हील क्लब छिंदवाड़ा द्वारा शनिवार के शुभ दिन दशहरा मैदान से पुलिस ग्राउंड तक ऑरेंज वेव वॉकथान oww रैली का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विविध सामाजिक संगठनों सहित स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं ने हिस्सा लेकर नगर को महिला सशक्तिकरण कारण का पावन संदेश दिया। इस रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके, विशिष्ट अतिथि एसडीएम सुधीर जैन, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई के हस्ते किया गया। वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हिंसा का विरोध, समाज में जागरूकता लाना, सम्मान एवं सुरक्षा का संदेश फैलाना सहित सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारी के प्रति जनमानस में जागरूकता लाना था। जागरूकता का संदेश देती हुए रैली दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर जिला चिकित्सालय, फव्वारा चौंक, जेल तिराह, अमित ठेंगे तिराह मानसरोवर होते हुए पुलिस ग्राउंड पहुंची जहां क्लब पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने महिलाओं की सुरक्षा सहित समाज में जागरूकता हेतु किए गए सुंदर आयोजन के लिए इनरव्हील क्लब को बधाई दीं वहीं समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य हेतु एसडीएम सुधीर जैन एवं ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने क्लब को बधाई दी एवं सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिनके साथ पीजी कॉलेज से नीलमणि पटवारी एवं समाज सेविका शेफाली शर्मा ने सभा को संबंधित किया। सफल आयोजन में सहयोग के लिए क्लब द्वारा अतिथियों के हस्ते महिला संगठनों सहित स्कूली छात्राओं का प्रमाण पत्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने धनसुआ, जागपुर, टेकाडी, आवंलाझरी और बोदा के स्कूलों का अकादमिक निरीक्षण किया



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 29 नवंबर को जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट श्री ए.के.उपाध्याय द्वारा शा.उ.मा.वि. धनसुआ, शा. हाई स्कूल जागपुर, टेकाड़ी, आवलाझरी एवं बोदा का अकादमिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षा परिणामों में सुधार, प्रायोगिक कार्य कराने तथा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के डी एवं ई ग्रेड वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन रेमीडियल कक्षाएँ अनिवार्य रूप से संचालित की जाएँ, ताकि बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें। सभी प्राचार्य डी एव ई ग्रेड वाले विद्यार्थियों की सूची तैयार कर अपने टेबल पर उपलब्ध रखें, ताकि निरीक्षण के दौरान उसका अवलोकन किया जा सके। इसके साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रायोगिक कार्य विषय शिक्षकों के माध्यम से समय पर कराए जाने के निर्देश दिए। विद्यालयों की अकादमिक योजना बनाते समय कठिन विषयों का समावेश करते हुए प्रतिदिन पढ़ाए जाने वाले अध्यायों को टाइम-टेबल में सुनिश्चित रूप से शामिल करने पर भी जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने यह भी निर्देशित किया कि रेमीडियल कक्षाओं में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि कमजोर विद्यार्थियों को अधिकतम शैक्षणिक लाभ मिल सके।

## कलेक्टर मीना के प्रस्ताव पर आयुक्त तरुण राठी की त्वरित कार्यवाही

# जिला चिकित्सालय बालाघाट की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गीता बारमाटे निलंबित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




**जिला चिकित्सालय बालाघाट में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गीता बारमाटे को आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा भेजे गए अनुशासनात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव के आधार पर की गई। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर निर्धारित किया गया है।**

11 नवंबर 2025 को किरनापुर विकासखंड के ग्राम रट्टापायली की गर्भवती महिला किरण डोंगरे को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती कराया गया था। उस समय आकस्मिक चिकित्सा एवं ऑपरेशन ड्यूटी पर तैनात डॉ. गीता बारमाटे ने न तो मरीज का परीक्षण किया और न ही आवश्यक चिकित्सा प्रक्रिया अपनाई। इसके परिणामस्वरूप 12 नवंबर को जब डॉ. श्रद्धा बारमाटे द्वारा महिला का सिजेरियन ऑपरेशन किया गया, तब तक गर्भस्थ शिशु की मृत्यु हो चुकी थी। चिकित्सकीय आकलन के अनुसार यदि 11 नवंबर को ही परीक्षण कर तत्काल ऑपरेशन किया जाता, तो शिशु की जान बचाई जा सकती थी।

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि 05 नवंबर 2025 को बिरसा विकासखंड के ग्राम कोडबीरकोना की बैगा महिला रतनबाई मरकाम से प्रसव कराने के लिए डॉ. बारमाटे द्वारा अपने स्टाफ के माध्यम से 5 हजार रुपये लिए गए थे। जब पता चला कि बैगा महिला रतनबाई मरकाम के प्रसव में एक माह का समय शेष है, तो डॉ गीता बारमाटे द्वारा यह राशि वापस लौटा दी गई थी। पूर्व में भी डॉ गीता बारमाटे के विरूद्ध महिलाओं से प्रसव के नाम पर रुपये लिए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थी। डॉ. बारमाटे द्वारा लगातार कर्तव्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने को गंभीर मानते हुए कलेक्टर श्री मीना ने उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल को भेजा था। आयुक्त श्री तरुण राठी ने समूचे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए डॉ. गीता बारमाटे को तत्काल निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

# भेंडारा पीएम श्री स्कूल के अध्ययनरत छात्र छात्राओ को दिया गया मिट्टी स्वास्थ्य प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

किसान कल्याण एंव कृषि विभाग के द्वारा स्कुल मृदा स्वास्थ्य प्रोग्राम के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय भेंडारा में अध्ययनरत छात्र छात्राओ को मिट्टी के स्वास्थ्य की जांच हेतू 25 नवंबर को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण। प्रशिक्षण का आयोजन प्राचार्य रविकांत नागपुरे के प्रमुख उपस्थिती व मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में स्कूल के कक्षा सातवी ,आठवी नवमी, ग्यारहवी के अध्ययनरत विधार्थी एंव शिक्षकगण शामिल हुए जिन्हें खैरलांजी कृषि विकास विभाग की कृषि विकास अधिकारी आंकाक्षा लांजेवार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दरमियान छात्र छात्राओ के द्वारा कृषक प्रकाश परिहार के खेत में पहुंचकर मिट्टी के नमूने एकत्रित किए और मिट्टी के महत्व, स्वास्थ व उर्वरक शक्ति की उपलब्धा को जाने का प्रयास किया गया। इस दौरान नोडल शिक्षिका वर्षा पारधी, बेचलीडर शिक्षक विनोद हागडे, धनदीप मसकरे, भोलाराम मसकरे सहित कृषि संकाय के अध्ययनरत विधार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में मिट्टी के महत्व और स्वास्थ के बारे विस्तृत रूप जानकारी दि गई बताया गया की मिट्टी की उर्वरक शक्ति के अनुरूप खेती करना, उर्वरक शक्ति की कमी को कैसे दूर किया जाए सहित अन्य जानकारी प्रदान की गई। रविकांत नागपुरे ने बताया की मृदा स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए भेंडारा पीएमश्री विद्यालय को सरकार के द्वारा स्कूल मृदा स्वास्थ्य प्रोग्राम के तहत चयनित किया गया जिसके तहत स्कूल के अध्ययनरत विधार्थीयो को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में स्कूल के अध्ययनरत विधार्थी व शिक्षकगण मौजूद रहे।

# लांजी में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता एवं उपचार शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी वार्ड नंबर1 के भीमा बैगा-बगदेही टोला में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) के अंतर्गत एक विशेष आईसीप्रचार-प्रसार एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन की गाइडलाइन के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कुष्ठ अधिकारी के निर्देश पर, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। शिविर में ग्रामीणों को कुष्ठ रोग की प्रारम्भिक लक्षण, निदान एवं मल्टी-ड्रग थेरपी (एमडीटी) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान रोगियों को नियमित एमडीटी उपचार प्रदान किया गया और रोग मुक्त होने पर फॉलो-अप की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। आरिफ़ हुसैन और रोशन लाल उपराडे, स्वास्थ्य विभाग लांजी ने उपस्थित हितग्राहियों को शासन की प्रोत्साहन राशि एवं विकृति के मामले में ऑपरेशन की सुविधा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाकर रोगी अपना उपचार पूर्ण कर सकते हैं और सामाजिक पुनर्वास में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोगियों को उपचार के बाद आवश्यक पुनर्निर्माण सर्जरी (आरसीएस) के लिए 12,000रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है [1]। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को इस राशि का दावा करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

# स्मृति दिवस : मरार माली समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** महान समाज सुधारक विचारक और लेखक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि को विकासखंड कटंगी के ग्राम चिकमारा में स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। यहां प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मरार माली समाज ब्लॉक कटंगी के संयोजन में मरार माली समाज चिकमारा ने स्मृति दिवस पर समाज की प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन करवाया। सुबह गांव में सद्भावना रैली निकाली गई दोपहर में माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का अनावरण और सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया।

शाम को क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला अध्यक्ष आशुतोष बिसेन, सरपंच श्रीमती अनीता गेडाम के मुख्य आतिथ्य में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मरार माली समाज के कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र मात्रे ने की। कार्यक्रम में ज्ञानचंद मात्रे, महेंद्र बाहेश्वर, आदित्य खरे, रूपेन्द्र कावरे, राजेश्वरी नागेश्वर, इंद्रावती गड़पाल वक्ता के रूप में शामिल हुए। समारोह में आरती मरठे, जानू बाहेश्वर, वैष्णवी खरे, तुषार कावरे, प्रिंस पंचेश्वर, गंगोत्री मरठे, महिमा बाहेश्वर, मौसम हांडेकर, टीना मानेश्वर, डिंपल बाहेश्वर, सेजल मात्रे, पल्लवी पांचे, गिरीश मानेश्वर, अनामिका पंचतिलक, माधुरी मानेश्वर, शुभम नागेश्वर, सोनल दुधपांचे, शिवानी तामेश्वर, वेदिका मानेश्वर, अनीशा बानेश्वर, आयुष खरे, अमीत आचरे, खुशी नागेश्वर, रौनक नागेश्वर, सुजल देवाहे, चंचल खरे, दीक्षा देवाहे, प्रिया नागफासे, पुर्णिमा गाड़ेकर, दीपाली नागेश्वर, मानसी जामरे, चैतन्ती बाहे को सम्मानित किया गया।

विधायक गौरव सिंह पारधी ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि फुले दंपत्ति ने सामाजिक विरोध और हमलों के बावजूद शिक्षा का दीप जलाया। महिलाओं, दलितों, श्रमिकों और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने की पहल भारत के इतिहास का सबसे बड़ा सामाजिक क्रांति का आधार बनी। विधायक ने मंच से मरार माली समाज के लिए कटंगी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि आंवटित करने की घोषणा। जिससे मरार समाज में बेहद उत्साह देखने को मिला। विधायक ने कहा कि मरार समाज ने जब भी कोई मांग उनसे की है और जो संभव हो सका है उन मांगों को पूरा करने का हमेशा प्रयास किया जाता रहा है और आगे भी निरंतर जारी रहेगा। विधायक ने चिकमारा में सामाजिक भवन निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए का सहयोग प्रदान किया।

जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि फुले दंपत्ति ने नारी शिक्षा, सामाजिक सुधार और मानवता की सेवा के लिए जो योगदान दिया वह अतुलनीय और ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा ज्योतिबा फुले के संघर्ष, सामाजिक न्याय के विचार और समानता के सिद्धांतों से प्रेरित होकर ही बाबा साहेब ने शिक्षा, मानवाधिकार और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में महान कार्य किए। उन्होंने कहा कि चिकमारा गांव में आकर उन्हें बेहद खुशी होती है इस गांव के लोगों से बेहद स्नेह मिला है। जिला पंचायत सदस्य ने भी चिकमारा गांव में मरार माली समाज के सामुदायिक भवन निर्माण में सहयोग प्रदान किया।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला अध्यक्ष आशुतोष बिसेन ने मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले अग्रणी समाज सुधारक थे जिन्होंने ब्राह्मणवादी रूढ़िवादिता का विरोध किया, दलितों और महिलाओं के अधिकारों की मांग की और भारत में अनेक सामाजिक न्याय आंदोलनों की शुरुआत की। उन्होंने आगे 19 वीं सदी के दौर की पुणे सावर्जनिक सभा (पुणे पब्लिक कांउसिल) और फुले से जुड़े उनके विचारों का जिक्र किया।

# झाबुआ पावर प्लांट की राख का तांडव जारी..

## झाबुआ पावर प्लांट की लापरवाही से घंसौर-कहानी-लखनादौन-धूमा में बढ़ा प्रदूषण, कलेक्टर के आदेश ठंडे बस्ते में







हरिभूमि न्यूज सिवनी। शरद दुबे/ गगन विश्वकर्मा

झाबुआ पावर प्लांट की लगातार बढ़ती लापरवाही अब चार विकासखंडों के हजारों लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा हमला बन चुकी है। घंसौर, कहानी, लखनादौन और धूमा क्षेत्र में 2 किलोमीटर लंबे ग्रामीण मार्ग पर बिना ढंके वाहनों से फ्लाई ऐश का खुलेआम परिवहन जारी है। सडक़ पर राख की मोटी परतें जमा होने से हर गुजरती हवा के साथ जहरीली धूल का गुबार उठता है, जिसके बीच बच्चे, बुजुर्ग और ग्रामीण रोज़ साँस लेने को मजबूर हैं।

### कलेक्टर के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाईं

ग्रामीणों की शिकायतों के बाद कलेक्टर ने 18 फरवरी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत स्पष्ट निर्देश दिए थे।

फ्लाई ऐश केवल पूरी तरह ढंके वाहनों में ले जाई जाए, सडक़ पर राख मिले तो तुरंत सफाई हो, प्रदूषण नियंत्रण नियमों का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। झाबुआ पावर प्लांट का प्रबंधन और उसका परिवहन ठेकेदार पशुपति नाथ कंपनी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए आज भी खुले डंपरों से राख उड़ाते घूम रहे हैं। आदेश कागज पर सजे हैं, जमीन पर कहीं दिखाई नहीं देते।

### वैज्ञानिक चेतावनीः 'धीमा ज़हर' हर घर तक पहुंचा

फ्लाई ऐश सिर्फ साधारण राख नहीं, बल्कि खतरनाक धातुओं आर्सेनिक, सीसा और पारे का मिश्रण है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह हवा में कई किलोमीटर तक फैलती है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर त्वचा रोग, फेफड़ों की बीमारी, ब्रेन डैमेज और कैंसर तक का खतरा पैदा करती है।

प्रभावित गांवों में खांसी, एलर्जी, सांस की समस्या और पीने के पानी में राख की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। खेतों पर जम रही राख किसानों की फसल तक को प्रभावित कर रही है।

### प्रशासन खामोश, ठेकेदार बेखौफ

सबसे बड़ा सवाल हैजब जिम्मेदारी परिवहन ठेकेदार पर स्पष्ट है, तो न कोई एफआईआर , न लाइसेंस निलंबन, न ब्लैकलिस्टिंग क्यों?

ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन ने केवल कागजी कार्रवाई कर मामला दबाने की कोशिश की, जबकि असल हालात जस के तस हैं।

### ग्रामीणों की मांगः अब नहीं, तुरंत कार्रवाई चाहिए

क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से चार प्रमुख मांगें रखी हैं झाबुआ पावर लिमिटेड पर पर्यावरण उल्लंघन की एफआईआर पशुपति नाथ परिवहन कंपनी का लाइसेंस निलंबित किया जाए,प्रभावित इलाके में तुरंत सडक़ धुलाई व डस्ट कंट्रोल अभियान चले,फ्लाई ऐश परिवहन पर 24 घंटे निगरानी लगाई जाए।

**ग्रामीणों का कहना है कानून अगर किताबों में है, तो उसे जमीन पर भी दिखना चाहिए। अब सांस बचानी है, इसलिए कार्रवाई जरूरी है।**

## खबर संक्षेप

### एक दिसम्बर को मोक्षदा एकादशी के अवसर पर बैनगंगा नदी राम घाट पर होंगे विभिन्न आयोजन

छपारा। नगर से लगकर बहने वाली पतित पावन मां बैनगंगा नदी के लक्ष्मी नारायण मंदिर से लगे राम घाट पर एक दिसम्बर मोक्षदा एकादशी के मौके पर विभिन्न आयोजन की तैयारी जारी है। ज्ञात हो कि विगत दो वर्षों से हर महीने पड़ने वाली एकादशी पर नगर के मां बैनगंगा महाआरती समिति द्वारा महा आरती का आयोजन जारी है जिसमें नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों के श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में शामिल हो रहे है। वहीं समिति द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि महाआरती एवं धार्मिक आयोजन करते हुए पूरे दो वर्ष पूर्ण होने पर आगामी एक दिसम्बर को मोक्षदा एकादशी के सुअवसर पर नगर के बैनगंगा नदी तट रामघाट में सोमवार शाम 5 बजे से द्वारका के शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के दंडी संन्यासी 1008 स्वामी इन्दुभवानंद तीर्थ महाराज रायपुर छत्तीसगढ़ के आशीर्वचन एवं उनके सानिध्य में ही महाआरती की जाएगी इसके पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि उक्त महाआरती को काशी में आयोजित गंगा आरती की तरह ही सर्व ब्राह्मण समाज छपारा की उपस्थिति में आयोजन किया जाता है जिनमें प्रत्येक एकादशी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहती है।

# सुनवारा में हुआ सर्वदलीय किसान आंदोलन

**केशव राय । धनोरा - धनोरा विकासखंड की ग्राम पंचायत सुनवारा में जहाँ किसानों को खेती की सिचाई के लिए हो रही बिजली की समस्या को लेकर विगत 4 महीने से किसानों के द्वारा संबंधित अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शासन प्रशासन को ज्ञापन एवं आवेदन के माध्यम से अवगत लगातार अवगत कराया गया था।**



लेकिन अब तक समस्या का समाधान न होने के कारण आज किसान धरना आंदोलन करने मजबूर हैं हजारों की संख्या में सिवनी जिला सुनवारा मुख्यालय में सर्व दलीय किसान आंदोलन में केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर, घंसौर पूर्व विधायक रामगुलाम ऊईके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर श्रीवास्तव, जनपद सदस्य शेख मुस्लिम डब्लू भाई, विकास बघेल, हर्षवर्धन सिंह बघेल,सुजीत मिश्रा के साथ साथ अन्य दलों के पदाधिकारी ओर हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। यह आंदोलन बिजली से होने वाली समस्याओं को लेकर किया गया है बताया जाता है कि पिछले चार माह सुनवारा ग्राम का ट्रांसफार्मर जला हुआ है जिसको लेकर सभी दलों के द्वारा अनेकों बार AC - सेवकराम एमदे , D - चतुर्भुज पटेल के द्वारा आश्वासन ही मिला काम नहीं हुआ।

बिजली विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी तब जाकर बीजेपी, कांग्रेस, ओर गोंडवाना गण तंत्र पार्टी ने किसानों के साथ मिलकर अपना मोर्चा खोल दिया है, जिस पर सर्व दलीय आंदोलन में बोला गया कि जब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगेगा तब तक हम इस आंदोलन जारी रखेंगे, केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर ने कहां में जब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगेगा तब तक में यहां बैठूंगा।

# देर रात शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगातार पैदल गश्त का रहा कोतवाली पुलिस बल

**सिवनी में यातायात व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस बल ने रात में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देश पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह कार्रवाई की।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इस गश्त का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और आपराधिक तत्वों में भय पैदा करना था।

पुलिस ने उन वाहन चालकों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे या गलत तरीके से वाहन खड़े कर रहे थे। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वाहनों को रोककर नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई। साथ ही, सडक़ पर खड़े हाथ ठेले वालों को भी किनारे हटवाया गया।कोतवाली पुलिस ने नगर पालिका चौक, बुधवारी बाजार, मेन रोड मार्केट एरिया, शंकर मढिय़ा और बुधवार शराब दुकान के सामने विशेष रूप से गश्त की। इस दौरान तीन सवारी वाले दुपहिया वाहनों, बिना नंबर वाले वाहनों और सडक़ पर खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सडक़ किनारे दुकान लगाने वाले संचालकों को भी समझाया गया कि वे ग्राहकों के लिए वाहन खड़े करने की जगह दें और पार्किंग स्थलों पर अनावश्यक सामान या बोर्ड न रखें।

इस अभियान के तहत मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कुल 18 चालान काटे गए और 6,600 रुपए का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले, दुपहिया वाहन पर तीन सवारी ले जाने वाले, मौके पर लाइसेंस प्रस्तुत न करने वाले, पुलिस के रोकने पर न रुकने वाले और अनियमित नंबर प्लेट वाले चालकों को भी समझाइश दी।पुलिस ने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें कोई असामाजिक तत्व या आपराधिक गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस पूरे अभियान में पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के नेतृत्व में थाना कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बीएलओ से जानकारी किया प्राप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने शासकीय मठ कन्या शाला बूथ मे पहुंचकर बीएलओ से चर्चा कर विस्तार से जानकारी प्राप्त किया।आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी नगर की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठ मंदिर मे स्थित बूथ पहुंचे। तथा एसआईआर अंतर्गत संचालित प्रक्रिया मे कार्यरत बीएलओ से चर्चा कर उनकी कार्य प्रगति, आने वाली चुनौतियों एवं शेष के संबंध मे विस्तार से जानकारी प्राप्त किया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्राओं से मुलाकात कर संवाद किया। जहां पर छात्राओं द्वारा आपका अभिवादन किया गया। इस दौरान श्री राय ने अपने उदबोधन मे एसआईआर के संबंध जानकारी दी। वहीं छात्राओं द्वारा आपसे विद्यालय मे बाउंड्री वॉल निर्माण एवं वाटर प्यूरीफायर की मांग किया। जिस पर विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने तत्काल बाउंड्री वॉल एवं वाटर प्यूरीफायर दिये जाने की स्वीकृति प्रदान किया। इसके साथ ही आपने छात्राओं को मिष्ठान वितरण के लिए शाला प्रबंधन को स्वयं की ओर से राशि प्रदान किया। इस अवसर पर सर्वश्री अभिषेक दुबे जी नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष, संतोष नगपुरे जी पूर्व जिला महामंत्री, अजय पांडे जी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, राजेश राजू यादव जी नगर महामंत्री, बादल बैन जी, एवं अन्य पदाधिकारी गण, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने अपने कार्यालय मे मानसिक विक्षिप्त जनों एवं जरुरतमंदों मे वितरण हेतु लिए न्यू आसरा फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष नाज़नीन शेख (रोज़) को कंबल प्रदान किया।



# एसडीएम ने की मंडी में मक्का कीमतों की समीक्षा, व्यापारियों को दिए सख्त निर्देश

कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी—सह—भारसाधक ने शुक्रवार को मंडी सिवनी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों की बैठक ली। मक्का के गिरते बाजार भाव, किसानों को मिलने वाले मूल्य, उठाव में हो रही देरी और भुगतान प्रक्रिया सहित पूरी व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को उपज की गुणवत्ता के अनुरूप अधिकतम संभव मूल्य मिले, मंडी प्रांगण से नियमित उठाव हो और किसानों को बिना विलंब के भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

### किसानों की सुनी समस्या

एसडीएम ने बैठक के बाद मंडी परिसर का निरीक्षण कर खरीद, तुलाई, भंडारण और परिवहन व्यवस्था का प्रत्यक्ष आकलन किया। मक्का के विभिन्न ग्रेडों पर जा कर गुणवत्ता के आधार पर चल रहे भाव की समीक्षा की। इसी दौरान मंडी में मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। तुलाई में देरी, भाव में उतार-चढ़ाव, उठाव में रुकावटें और भुगतान संबंधी मुद्दों पर किसानों के साथ सीधा संवाद किया। किसानों को आश्वस्त किया गया कि मंडी की हर प्रक्रिया को सुचारू करने के लिए आवश्यक कदम तुरंत उठाए जाएंगे।



### व्यापारियों ने दी जानकारी

चर्चा के दौरान व्यापारियों ने बताया कि सिवनी मंडी में वर्तमान स्थिति अन्य निकटतम मंडियों चौरई, छिंदवाड़ा तथा अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अधिकांश कारोबारी गुणवत्ता आधारित खरीद कर रहे हैं और किसानों को मंडी आने पर संतोषजनक भाव मिल रहे हैं। व्यापारियों का कहना था कि यदि परिवहन सुविधा और रेक उपलब्धता सुधर जाए, तो मंडी में कीमतें और मजबूत हो सकती हैं।

### इन कारणों से गिर रहे मक्का के दाम

व्यापारियों ने मक्का भाव गिरावट के प्रमुख कारणों की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र की एथेनॉल नीति के तहत प्लांटों में कम से कम 40 प्रतिशत चावल उपयोग की अनिवार्यता लागू होने से मक्का की खपत में कमी आई है। इससे प्लांटों की मांग घटी और मक्का के बाजार मूल्य पर सीधा असर पड़ा। इसके चलते राज्य के बाहर की कई कंपनियां, जो हर साल सिवनी से बड़े पैमाने पर क्रय करने आती थीं, इस वर्ष नहीं पहुंचीं। व्यापारियों ने यह भी कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा सिवनी के लिए रेक उपलब्ध न कराए जाने से परिवहन लागत काफी बढ़ गई है। महंगा परिवहन भावों को प्रतिस्पर्धी नहीं रहने देता, जिससे बाजार में दबाव बढ़ा है और कीमतें नीचे आई हैं।

बैठक में मंडी सचिव, प्रांगण प्रभारी समीर अग्निहोत्री तथा पूरा मंडी स्टाफ मौजूद रहा। व्यापारियों में निकेत अग्रवाल, आयुष सिंघानिया, विकास कुमार अग्रवाल, कुंदनलाल सुरेशचंद फर्म के प्रतिनिधि, झनकलाल साहू, हजारीलाल साहू, बालाजी ओवरसीज (नई दिल्ली) के प्रतिनिधि मांगीलाल शर्मा, विकास गुप्ता, कमलेश साहू, सुनील सनोड़िया, हैदराबाद से आए मक्का क्रेता व्यापारी सहित अन्य कई व्यापारी शामिल हुए।

## संभाग स्तरीय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# बालाघाट को हराकर सिवनी जिला बना विजेता

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर अनुसार पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की मेजबानी में आयोजित संभाग स्तरीय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता में सिवनी ने बालाघाट को पराजित करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया. इस संभागीय प्रतियोगिता में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के छिंदवाड़ा, पाण्ढुर्ना, बालाघाट और सिवनी जिले के कॉलेजों के युवा खिलाडिय़ों की टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रदेश के कॉलेजों के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में सिवनी की टीम ने फाइनल मुकालबे में 9 गोल दागकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया . वहीं, बालाघाट जिले की टीम केवल एक ही गोल के साथ उपविजेता रही। प्रतियोगिता उपरांत, चारों जिलों के खिलाडिय़ों के प्रदर्शन के आधार पर छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी की हॉकी (पुरुष) टीम का चयन डॉ विकास साहू और डॉ प्रदीप पटवारी के मार्गदर्शन में हुआ विजेता टीमों को अब राज्य स्तर पर सिवनी में ही खेलने का अवसर मिलेगा। स्पोट्र्स ऑफिसर के सी राउर ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस बालाघाट की मेजबानी में नौ दिसंबर से आयोजित होगी. इसमें छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी की चयनित हॉकी टीम भी हिस्सा लेगी. सिवनी मुख्यालय स्थित खेल? विभाग के एस्ट्रोटर्फ मैदान में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी श्रीमती अर्चना पाठक, डॉ सायमा सरदेशमुख, डॉ कमलेश टेम्भरे की उपस्थिति में हुआ. प्रतियोगिता के कुशल संचालन में फैजल खान , शिवानी साहू , मनीष परिहार का सराहनीय सहयोग रहा।



खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्पोर्ट ऑफिसर डॉ सपन जाट, डॉ जसवंत सिंह राजपूत, डॉ प्रवेश यादव,डॉ आयशा खान, सुधीर डेहरिया , अनिल कनोजिया, कपिल डागोरिया समेत महाविद्यालय के प्रोफेसर्स और स्टॉफ उपस्थित रहे।

हॉकी प्रतियोगिता का आनंद लेने और खिलाडिय़ों का जोश बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में शहर के खेल प्रेमी दर्शकों की भीड़ भी बनी रही। स्पोट्र्स ऑफिसर के सी राउर ने सभी के प्रति आभार जताया.

### सिवनी जिले की 8 महिला खिलाडिय़ों का चयन

स्पोट्र्स ऑफिसर के सी राउर ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में चयनित छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी की हॉकी (महिला) टीम में सिवनी जिले की 8 महिला खिलाडिय़ों का चयन किया गया है. चयनित सभी महिला खिलाड़ी सिवनी जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से 8 व 1 कन्या महाविद्यालय सिवनी में अध्ययनरत छात्राएं हैं जो सुदूर आदिवासी अंचलों से हैं. सिवनी जिले के लिए यह सौभाग्य की बात है।

## पेंच टाइगर रिज़र्व से एक मादा बाघिन को विषधारी टाइगर रिज़र्व, बूंदी (राजस्थान) स्थानांतरित करने ऑपरेशन शुरू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राजस्थान और मध्यप्रदेश की टीमों ने मिलकर पेंच टाइगर रिज़र्व (मध्यप्रदेश) से एक मादा बाघिन को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिज़र्व, बूंदी (राजस्थान) स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की।ऑपरेशन सुबह 06 बजे शुरू हुआ। पहले सभी कैमरा ट्रैप स्टेशनों की जाँच की गई।

हालांकि, कैमरा ट्रैप की सभी तस्वीरों में बाघिन की कोई नई गतिविधि नहीं दिखी। इसके बाद पूरे इलाके को 10-12 टीमों में बाँटकर प्रत्येक टीम ने पगमार्क, क्षेत्रीय संकेत और बाघिन के मूवमेंट के रास्तों की तलाश शुरू की। इसके अलावा, घने जंगलों और कठिन इलाके को खंगालने के लिए चार हाथी दलों को भी तैनात किया गया ताकि कोई भी जगह छूट न जाए। पूरे दिन की मेहनत के बाद भी बाघिन का पता नहीं चला। खोज और निगरानी की यह प्रक्रिया अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी, जब तक बाघिन को सही तरीके से पकड़ कर राजस्थान भेजने के लिए तैयार नहीं कर लिया जाता। यह अभियान बहुत सावधानी, अच्छे तरीके से योजना बनाकर और दोनों राज्यों के बीच समन्वय से किया जा रहा है, ताकि बाघिन की सुरक्षा और संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।



## बाघ ने किया किसान की बंधी गाय का शिकार, लालबर्रा के आसपास दहशत

# लालबर्रा क्षेत्र के बरघाट में बाघ का हमला!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लालबर्रा।





नगर मुख्यालय से लगभग 2 किमी दूर मोहगांव पंचायत के ग्राम बरघाट में आज 29 नवंबर की सुबह करीब 4:00 बजे बाघ के हमले की घटना सामने आई है। लालबर्रा निवासी किसान मकबूल उर्फ़ सोनू अहमद के खेत पर कोठे के सामने बंधी गाय को बाघ ने शिकार बना लिया। सुबह होते ही घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

### रात के सन्नाटे में खेत तक पहुँचा बाघ — सुबह 10:30 बजे जानकारी

घटना भोर के समय करीब 4 बजे हुई। खेत में किसी की मौजूदगी न होने के कारण बाघ सीधे गाय पर हमला कर गया। सुबह 10:30 बजे किसान मकबूल को दूरभाष पर गाय के मृत होने की सूचना मिली।किसान जब मौके पर पहुँचा तो गाय उनके कोठे से लगभग 1.50 मीटर दूरी पर मृत पड़ी थी। शरीर पर गहरे दांतों के निशान व घसीटने के चिह्न मौजूद थे।

### वन विभाग की टीम पहुँची — 15 फीट तक घसीटा, 150 मीटर दूर तक मिले निशान

सूचना मिलने के लगभग एक घंटे बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुँची। टीम में शामिल थे —पुरुषोत्तम सोनवंशी (उपवन क्षेत्रपाल), भूपेश सिरसाम, शैलेश, दुर्गेश पंचेश्वर, उत्सव रहांगड़ाले (वनरक्षक), जगदीश अंबिलकर (स्थाईकर्मी), ज्ञानसिंह धुर्वे (सुरक्षा श्रमिक)।निरीक्षण में वन अधिकारियों ने पाया कि—बाघ ने पहले गाय की गर्दन पर हमला किया करीब 15 फीट तक घसीटने के निशान स्पष्ट मिलेकिसान के बताए स्थान से लगभग 150 मीटर दूर बाघ की मूवमेंट के गहरे निशान मौजूद थेउपवन क्षेत्रपाल सोनवंशी ने पुष्टि करते हुए बताया कि "गाय का शिकार बाघ ने ही किया है। घसीटने के तरीके और दांतों के निशान उसके हमले की पुष्टि करते हैं।" थाना प्रभारी भी पहुँचे — बाघ का शहर की सीमा तक पहुँचना गंभीर घटना की जानकारी लगने के तुरंत बाद थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी स्वयं स्टाफ सहित मौके पर पहुँचे। उनके साथ सुषील विश्वकर्मा (कॉन्स्टेबल), दिलीप भगत (हेडकॉन्स्टेबल) और रविंद्र धुर्वे (डायल-100) शामिल थे। थाना प्रभारी ने वन विभाग से चर्चा करते हुए कहा कि बाघ का शहर के इतने करीब पहुंचना चिंता का विषय है और ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ग्रामीणों के लिए वन विभाग की एडवाइजरी

बम फोड़कर खदेड़ने और कैमरे लगाने की तैयारी वन विभाग ने बाघ की निगरानी और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने शुरू किए हैं—बाघ को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए ध्वनि विस्फोट (बम फोड़ना),क्षेत्र के कई स्थानों पर कैमरे लगाने शाम के समय इस मार्ग से न गुजरने की सख्त हिदायतलालबर्रा सरपंच अनीश खान को लाउडस्पीकर के माध्यम से ग्रामीणों को सतर्क करने को कहा गया है।

### ग्रामीणों में दहशत, विशेष सावधानी बरतने की अपील

बरघाट से लेकर आसपास के पंचायतों तक ग्रामीणों में भय का माहौल है।किसानों का कहना है कि रात और सुबह के समय खेतों में जाना जोखिम भरा हो गया है। वन विभाग ने विशेष तौर पर सलाह दी है कि—शाम 5 बजे के बाद खेतों में न जाएं।

### बच्चों व बुजुर्गों को घर के पास रखें

बाघ की आवाज, पंजे के निशान या मूवमेंट दिखे तो तुरंत पुलिस व वन विभाग को सूचना दें फिलहाल की स्थिति, बाघ के क्षेत्र में मौजूद रहने की संभावना, कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू, पुलिस व वन विभाग की संयुक्त निगरानी, ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील।

## आत्मा समिति द्वारा किसानों का एकदिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**आधुनिक कृषि तकनीक पर दी विस्तृत जानकारी, मुख्य आतिथ्य के रूप में क्षेत्रीय विधायक संजय सिंह उइके**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परियोजना संचालक आत्मा समिति किसान कल्याण तथा कृषि विभाग बालाघाट उपसंचालक फूलसिंह मालवीय के नेतृत्व में दिनांक 28 नवंबर को जनपद पंचायत बिरसा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जानपुर में किसानों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक संजय सिंह उइके उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों,जैविक खेती,फसल प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं के लाभ से अवगत कराना था।प्रशिक्षण में पहुंचे कृषि महाविद्यालय मुरझड़ से डॉ.अतुल श्रीवास्तव और डॉ.प्रतिभा के द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती,मृदा परीक्षण,जैविक विधि,कीट एवं रोग प्रबंधन,फसल विविधीकरण तथा सूक्ष्म सिंचाई तकनीक पर विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।किसानों ने विशेषज्ञों से अपने क्षेत्र की फसलों से जुड़ी समस्याओं पर प्रश्न पूछे,जिनका समाधान भी मौके पर ही दिया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष और विधायक श्री संजय उइके के द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील भी की।उन्होंने कहा कि किसानों को फसल चक्र का भी उपयोग करना चाहिए और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का माध्यम हैं,जिससे वे बदलते मौसम और बाजार की मांग के अनुरूप खेती कर सकें।उनके द्वारा कृषि सखी को उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम के बाद प्राकृतिक खेती उत्पाद स्टॉल को देखा गया।आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैहर क्षेत्र के विधायक संजय उइके,उपाध्यक्ष हेमंत साहू,कृषि सभापति ,धरमसिंह मरकाम,क्षेत्र के जनपद सदस्य लक्ष्मीकांत धुर्वे,पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश देशमुख, ग्राम पंचायत जानपुर के सरपंच सरिता नारायण टेकाम,उप सरपंच आनंद दास भाषंत एवं पंचगण, ग्रामीण व किसान के साथ ही कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी योगेश वाहने,ललित टेकाम,प्रदान संस्था हिबा सहित कृषि विभाग,कृषि सखी की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा समिति बिरसा श्रीमती खिलेश्वरी धुर्वे के द्वारा किया गया।

## 01 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होगी प्रारंभ

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने तथा उन्हें दलालों व बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा खरीदी केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। धान की खरीदी 01 दिसंबर 2025 से प्रारंभ की जायेगी, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। जिले के सभी केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है।

# सरकारी कर्मचारी से 3.70 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक सरकारी कर्मचारी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने पॉलिसी पर बोनस दिलाने के नाम पर उनसे 3 लाख 70 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित ने शनिवार को इसकी शिकायत कोतवाली थाना अंतर्गत संचालित साइबर नोडल थाना में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता कर्मचारी ने बताया कि ठगों ने उन्हें श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस, कोटक लाइफ इंश्योरेंस और भारतीय एक्सा लाइफ इंश्योरेंस की पॉलिसी में बोनस मिलने का झांसा दिया। दो अलग-अलग लोगों ने उन्हें फोन कर ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। भुगतान करने के बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ।

फिलहाल, पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना ने जांच शुरू कर दी है। साइबर नोडल थाना ने लोगों को पॉलिसी संबंधी धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक रहने की सलाह दी है।

साइबर नोडल थाना ने बताया कि यदि कोई कॉल करके पॉलिसी का पैसा दोगुना करने, बोनस दिलाने या



मैच्योरिटी जल्दी दिलाने की बात कहे, तो यह 100 प्रतिशत धोखाधड़ी है। किसी भी बीमा कंपनी में पैसे दोगुना करने की कोई योजना नहीं होती।

पुलिस ने लोगों को फोन पर कभी भी पैसे न भेजने की चेतावनी दी है। ठग अक्सर 'चार्ज', 'टैक्स' या 'फंड रिलीज' के नाम पर नए अकाउंट नंबर देकर ठगी करते हैं। ओटीपी या केवाईसी लिंक पर क्लिक न करें, क्योंकि ये आपके अकाउंट और पॉलिसी को हैक करने के लिए होते हैं।

# 4 दिसंबर तक गणना पत्रक भरकर अवश्य जमा करें

### जिला प्रशासन ने मतदाताओं से की अपील, समय सीमा चूकने पर सूची से हट सकता है नाम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला प्रशासन ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर (Special Intensive Revision) के अंतर्गत जिले के सभी मतदाताओं से महत्वपूर्ण अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गणना पत्रक भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित की गई है। जिले के सभी योग्य मतदाताओं को अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर गणना पत्रक में सही-सही जानकारी भरकर 4 दिसंबर से पहले अनिवार्य रूप से जमा करने कहा गया है।

**अंतिम तिथि चूकने पर मतदाता सूची से हट सकता है नाम:** जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जो मतदाता 4 दिसंबर तक अपना गणना पत्रक जमा नहीं करेंगे, उनके नाम वर्ष 2026 की मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। इसका सीधा प्रभाव यह होगा कि ऐसे नागरिक आगामी चुनाव में मतदान के अधिकार से वंचित हो सकते हैं।

**बीएलओ को घर-घर संपर्क के निर्देश:** जिले के सभी ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) को भी निर्देशित किया है कि वे अपने मतदान केंद्र क्षेत्र के हर मतदाता के घर जाकर संपर्क करें, उनसे गणना पत्रक प्राप्त करें और अंतिम तिथि से पहले उन्हें पोर्टल पर अपलोड कर डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में सही जानकारी दर्ज होना ही नागरिकों के मतदान अधिकार की गारंटी है, इसलिए हर मतदाता समय रहते दस्तावेज जमा कर अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

**एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने पर होगी कानूनी कार्रवाई:** लोकतांत्रिक व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान दोहराया है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 31 और 32 के तहत यदि कोई व्यक्ति एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रावधान के अनुसार, दोषी पाए जाने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना दोनों हो सकते हैं।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एस आई आई प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता द्वारा दी जाने वाली सभी सूचनाओं की सत्यता अनिवार्य है। गलत जानकारी देने को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखते हुए आयोग ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की मिथ्या सूचना देने से बचें।

## सीईओ संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को किया साइबर फ्राड से सचेत

### गणना पत्रक भरने के लिए नहीं चाहिए ओटीपी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन voters.eci.gov.in या ceo-election.mp.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें।

**ये हैं सुरक्षा उपाय:** ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन/मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी माँगता है तो वह 'साइबर फ्रॉड कॉल' हो सकता है।

**एसआईआर भरते समय इन बातों का रखें ध्यान:** एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी प्रकार की फीस, प्रोसेसिंग चार्ज या भुगतान करने के लिए कहे जाने पर ध्यान दें-ऐसे संदेश/कॉल धोखाधड़ी हो सकते हैं। व्हॉट्सऐप या सोशल मीडिया पर मिले लिंक न खोलें। 'आपका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगा', 'तुरंत एसआईआर भरें' जैसे संदेश फर्जी हो सकते हैं। एसआईआर के लिये साइबर कैफे का उपयोग करते समय सतर्क रहें। ऑटो-सेव बंद रखें, कार्य समाप्त होने पर ब्राउजर इतिहास/कैश साफ़ करें और अनिवार्य रूप से लॉगआउट करें। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टलः www.cybercrime.gov.in अथवा हेल्पलाइनः 1930 पर कर सकते हैं।

# पत्नी ने प्रेमी से कराई पति की हत्या, शराब पिलाकर तालाब में धक्का दिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कोतवाली थाना क्षेत्र में बुढ़ी आमा तालाब से मिले महेश सोनवाने के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने महेश की पत्नी सरिता और उसके प्रेमी कमलेश कोहरे को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि सरिता और कमलेश के बीच पिछले पांच साल से प्रेम संबंध थे। महेश दोनों के बीच आने लगा था, जिस कारण सरिता और कमलेश ने उसकी हत्या की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, सरिता ने ही कमलेश को महेश को रास्ते से हटाने के लिए उकसाया।

योजना के तहत 26 नवंबर को कमलेश महेश को बुढ़ी आमा तालाब के किनारे ले गया। वहां उसने महेश को अत्यधिक शराब पिलाई। नशे में धुत हो जाने के बाद कमलेश ने उसे तालाब में धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कमलेश वहां से फरार हो गया।

महेश 26 नवंबर से लापता था। परिजनों ने 27 नवंबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 28 नवंबर को पुलिस ने बुढ़ी आमा तालाब से महेश का शव बरामद किया। परिजनों को कमलेश पर पहले से ही शक था। इसी आधार पर जब पुलिस ने कमलेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने पूरी



वारदात स्वीकार कर ली। इसके बाद पत्नी सरिता को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच के दौरान पुलिस को सरिता और कमलेश के बीच की एक मोबाइल ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिली है, जिसमें कमलेश महेश को खत्म करने की बात कह रहा है। हालांकि पुलिस ने इस ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में यह सबूत सही पाया जाता है तो मोबाइल जब्त कर फोरेंसिक जांच कराई जाएगी।

जानकारी अनुसार, महेश की पत्नी सरिता की भांजी का रिश्ता कमलेश के भाई से तय हुआ था। इसी कारण दोनों परिवारों में मेल-जोल बढ़ा और यही रिश्ता आगे प्रेम संबंध में बदल गया, जिसने अंततः महेश की जान ले ली।

सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# किसान के घर से करीब 50 हजार का धान चोरी

### कटंगी थाना क्षेत्र ग्राम खजरी की घटना

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आप सभी ने एक कहावत खूब सुनी होगी कानून के हाथ बहुत लंबे होते है और अपराधी लाख कोशिश करें तो बच नहीं सकता। यह कहावत कटंगी की पुलिस पर काफी लंबे अर्से से खरा नहीं उतर पा रही है। वजह एक नहीं बल्कि अनेक है बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में हत्या, चोरी जैसी घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। खासतौर पर आए दिन चोरी की छोटी-बड़ी वारदातें हो रही है परंतु कानून के लंबे हाथ अब छोटे हो गए है और चोरों के गिरेबान तक नहीं पहुंच पा रहे है। पुलिस की इस नाकामी से आमजन भयभीत और डरा हुआ है उसे अपने जानमाल की सुरक्षा को लेकर हमेशा एक चिंता बनी रहती है। असल में करीब 05 माह से शहर से लेकर ग्रामीण इलाके सुरक्षित नजर नहीं आ रहे है। चोरों ने जमकर उत्पात मचा कर रखा है। मगर, पुलिस किसी भी चोरी का खुलासा नहीं कर पा रही है। अब चोरों की नजर किसानों की उपज धान पर है। धान चोरी की एक बड़ी घटना अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि ही अंजाम दिया है।

कटंगी-बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित ग्राम खजरी में एक किसान के घर के सामने से अज्ञात चोरों ने करीब 50 हजार रुपए का धान चोरी कर लिया है। घटना शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि करीब सवा बजे के आस-पास की है। किसान के घर के पास ही एक हार्डवेयर की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदेही पिक-अप वाहन कैद हुआ है। जिसमें भरकर धान ले जाने का अनुमान लगाया गया है। मिली जानकारी अनुसार खजरी निवासी किसान सीताराम हरिनखेड़े ने शुक्रवार की शाम ही अपने खेत से गहानी कर धान को बोरियां में भरकर घर लाया था और रात्रि में ही अज्ञात चोरों ने धान की चोरी कर ली। शनिवार की सुबह जब किसान का परिवार जागा तब उन्हें चोरी का पता लगा। किसान ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। दोपहर डेढ़ बजे पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। किसान के मुताबिक अज्ञात चोरों ने कुल 41 बोरी धान की चोरी की है। यह किसान के लिए बड़ा आर्थिक झटका है। खजरी में इसके पूर्व भी चोरी की वारदाते हुई है। किसान के



घर से धान की चोरी होने के बाद गांव के अन्य किसानों में भी डर का माहौल बना हुआ है और इस वारदात ने उन्हें कड़कड़ाती ठंड में फसल की सुरक्षा के लिए खेतों से लेकर खलिहानों और घरों के बाहर रतजगा करने के लिए मजबूर कर दिया है। बता दें कि अभी किसान अपने खेत-खलिहानों में धान की गहानी कर रहे है ताकि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ होते ही सीधे उपार्जन केंद्रों में अपनी फसलों को ले जाकर बेच सकें। खजरी के अलावा लिंगापौनार गांव से भी धान चोरी की शिकायत सामने आई है।

गौरतलब हो कि अभी क्षेत्र भर में किसान धान की गहानी के कार्य में जुटा हुआ है। धान को गहानी के बाद घर में लाकर रखा जा रहा है जिन किसानों के पास धान को रखने के लिए पर्याप्त स्थान है वह तो घरों के भीतर सुरक्षित धान का भंडारण करवा रहे है लेकिन आमतौर पर अधिकांश किसान घरों के बाहर त्रिपाल ढाककर ही धान को रखते है ताकि जैसे ही खरीदी शुरू हो वह सीधे केंद्रों में उपज को ले जाकर बेच सकें किंतु अब घर के बाहर भी धान की बोरियां सुरक्षित नहीं है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि चोरों को कोई गिरोह सक्रिय होकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। चोरी की इन वारदातों के बाद पुलिस की कार्यशैली पर ही सवाल खड़े हो रहे है। पुलिस किसी भी चोरी का पता नहीं लगा पा रही है।

## प्राध्यापिका पर अभद्र व्यवहार, अध्ययन से वंचित करने और मनमानी उपस्थिति दर्ज कराने के गंभीर आरोप

# कक्षाओं में उपेक्षा और दुर्व्यवहार से नाराज छात्र की चेतावनी- स्थानांतरण नहीं तो आमरण अनशन

### छात्र ने उच्च शिक्षा विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक भेजी शिकायत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी में प्राध्यापिका श्रीमती कांता वर्मा को लेकर उठे विवाद ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र पवन कश्यप ने आरोप लगाया है कि संबंधित प्राध्यापिका उन्हें कक्षा में प्रवेश नहीं देतीं, शिक्षण सामग्री नहीं प्रदान करतीं और अपमानजनक व्यवहार कर शैक्षणिक अधिकार से वंचित कर रही हैं। छात्र ने इस पूरे प्रकरण को लेकर उच्च शिक्षा विभाग और जिले के प्रशासनिक अधिकारियों तक शिकायत भेजी है। छात्र द्वारा शिकायत पत्र अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल, प्राचार्य शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय बालाघाट, एसडीएम लांजी, एसडीओपी लांजी सहित अन्य विभागों को भेजा गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि महाविद्यालय प्राचार्य आर.आर. सोनवाने ने मामले को दबाने के लिए जल्दबाजी में महाविद्यालय के ही प्राफेसरो की तीन सदस्यीय जांच समिति बनाकर मामले को एकतरफा बंद कर दिया, जबकि शिकायत में उच्च स्तरीय जांच दल गठित करने की मांग की गई थी।



**बीमारी में भी संघर्षरत छात्र को मिल रही उपेक्षा, बढ़ रही नाराजगी:** छात्र के अनुसार, प्राध्यापिका नियमित रूप से महाविद्यालय उपस्थित नहीं रहतीं, लेकिन उनके दस्तावेजों में पूर्ण उपस्थिति दर्ज होती रही है। इससे छात्रों को कक्षाएँ न मिलने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। राजनीति शास्त्र विषय के विद्यार्थियों में इसको लेकर रोष और चिंता है। सबसे संवेदनशील बात यह है कि शिकायतकर्ता पवन कश्यप स्वयं कैंसर पीड़ित है और गंभीर स्थिति में भी शिक्षा जारी रखने का प्रयास कर रहा है। उसके अनुसार, बीमारी के बावजूद उसे सहयोग मिलना तो दूर, बल्कि प्रताडन्ना दी जा रही है, जिससे वह मानसिक तनाव में है। पूर्व में भी इसी प्राध्यापिका का कार्यों में लापरवाही और छात्रों से दुर्व्यवहार के कारण स्थानांतरण किया गया था। मगर राजनीतिक पकड़ और प्रभाव के चलते फिर से उनकी पुनः पदस्थापना लांजी महाविद्यालय में कर दी गई। छात्र के अनुसार, पुनः पदस्थापना के बाद भी उनका रवैया और व्यवहार नहीं बदला है।

**छात्र ने अपनी शिकायत में दी स्पष्ट चेतावनी:** शिकायतकर्ता छात्र पवन कश्यप ने चेतावनी दी है कि यदि प्राध्यापिका का स्थानांतरण नहीं किया गया और निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो मैं कॉलेज परिसर में आमरण अनशन पर बैठ जाऊंगा। इसका पूर्ण दायित्व शासन और प्रशासन का होगा। इस विवाद के बाद लांजी महाविद्यालय में तनावपूर्ण स्थिति देखने को मिल रही है और छात्र समुदाय भी इस मुद्दे पर सक्रिय है। वहीं बढ़ते विवाद और गंभीर आरोपों के बीच अब यह मामला प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग की कसौटी पर है। अब देखना यह होगा कि उच्च शिक्षा विभाग कार्रवाई करता है या मामला कागजी खानापूर्ति में दफन हो जाएगा। फिलहाल, कॉलेज परिसर में यह मुद्दा चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।